ऊर्जा साक्षरता में मिलेगा राज्य एवं ज़िला स्तरीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश शासन ने ऊर्जा साक्षरता अभियान **(UShA)** में सक्रिय भाग लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य एवं ज़िला स्तरीय अवार्ड देने का निर्णय लिया है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य स्तरीय अवार्ड के लिये 6 श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं। प्रतिमाह अभियान में पंजीयन संख्या के आधार पर प्रदेश के प्रथम ज़िले को 'उत्कृष्ट ज़िला पंजीयन' की श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। इसी तरह प्रतिमाह सर्टिफिकेशन संख्या के आधार पर प्रदेश के प्रथम ज़िले को 'उत्कृष्ट ज़िला सर्टिफिकेशन' श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा।
- ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अपनाने वाली उत्कृष्ट इमारतों और अन्य भवन, जो प्रमाणित ऊर्जा बचत प्रदर्शित करेंगे, को 'ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अपनाने वाली उत्कृष्ट इमारतें' श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा।
- 'उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएँ' श्रेणी में प्रदेश स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय, विभाग, उद्योग आदि को पुरस्कृत किया जाएगा।
- ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज़िला अक्षय ऊर्जा अधिकारी श्रेणी में प्रदेश में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अक्षय ऊर्जा अधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा।
- प्रतिमाह 'सबसे उत्कृष्ट कॉलेज' श्रेणी में डिग्री, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज का चयन किया जाएगा।
- ऊर्जा साक्षरता अभियान **UShA** में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला शासकीय कार्यालय को भी पुरस्कृत किया जाएगा।
- ऊर्जा दक्षता अपनाने वाला सबसे उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था श्रेणी में ज़िला स्तर पर ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को पुरस्कार दिया जाएगा।
- 'ऊर्जा साक्षरता अभियान' उत्कृष्ट किसान श्रेणी में **UShA** से जुड़ने और कृषि क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता अपनाने की प्रामाणिक जानकारी देने पर किसान को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी तरह ऐसी गृहिणी, जो **UShA** से जुड़ी हैं, किसी शासकीय नौकरी में नहीं है और उसने ऊर्जा बचत के लिये उन्नत सुझाव दिया है, को पुरस्कृत किया जाएगा।
- इसके अलावा अन्य विशिष्ट उपलब्धि श्रेणी में पुरस्कार ज़िला स्तर पर ऊर्जा साक्षरता अभियान में किसी भी व्यक्ति, संस्थान, शासकीय कार्यालय, स्कूल, कॉलेज आदि के उत्कृष्ट प्रदर्शन, विशेष सहयोग एवं उपलब्धि के लिये दिया जाएगा।
- **UShA** अवार्ड-प्रदेश एवं **UShA** अवार्ड-ज़िला से संबंधित सारी जानकारी मध्य प्रदेश **UShA** विकास निगम की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अवार्ड प्रदेश में स्थित चयनित श्रेणियों के स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, संस्थान और व्यक्ति विशेष को ही दिया जाएगा। अवार्ड के रूप में ऊर्जा दक्ष उपकरण (पंखे, स्टार रेटेड एलईडी ट्यूबलाइट, बल्ब और अन्य बीईई-स्टार रेटेड उपकरण) एवं प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिये मध्य प्रदेश शासन ने जन-भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विश्व में अनूठा ऊर्जा साक्षरता अभियान **(UShA)** प्रारंभ किया है। इसमें लोगों को ऊर्जा की बचत, लाभ और संरक्षण की जानकारी मोबाइल एप, वेब पोर्टल आदि द्वारा प्रशिक्षण और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से दी जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-and-district-level-awards-will-be-given-in-energy-literacy